नगर आयुक्त ने किया घाटों का निरीक्षण

गोरखपुर, १२ नवम्बर। आगामी छठ पर्व के दृष्टिगत नगर आयुक्त द्वारा आज दिनांक 12 नवंबर को प्रात: 7.30 बजे डोमिनगढ़ घाट, सूरजकुंड पोखरा, मानसरोवर मंदिर स्थित पोखरा, गोरखनाथ मंदिर स्थित भीम सरोवर एवं महेशरा घाट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा आवागमन मार्गों की मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार, अधिशासी अभियंता अमरनाथ, जोनल अधिकारी तपन मिश्रा एवं संतोष गुप्ता, सहायक अभियंता (जलकल) राकेश यादव, सहायक अभियंता (पथ प्रकाश) मोहित गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त के निरीक्षण के दौरान डोमिनगढ़ घाट पर जेसीबी से घाट के किनारे कार्य कराया जा रहा था। नगर आयुक्त ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए नदी की ओर समुचित बैरिकेडिंग कराने हेतु अधिशासी अभियंता अमरनाथ को निर्देशित किया। बाढ़ के कारण नदी किनारे जमा गंदगी की पूरी सफाई कराने के लिए जोनल अधिकारी तपन मिश्रा एवं सफाई निरीक्षक राम विजय को निर्देश दिए गए। सूरजकुंड पोखरे के निरीक्षण के दौरान सीढ़ियों पर जमी काई की सफाई कराने हेतु सफाई निरीक्षक श्रवण सोनकर को निर्देशित किया गया। श्रद्धालुओं को फिसलने अथवा पानी में गिरने से बचाने के लिए पोखरे में सीढ़ियों पर सुरक्षा हेतु रस्सी बांधने के निर्देश दिए गए। पोखरे के पश्चिमी हिस्से में गंदगी एवं गोबर मिलने पर नगर आयुक्त महोदय ने सख्त नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित सफाई निरीक्षक को गंदगी फैलाने वालों को नोटिस जारी करने तथा गंदगी एवं गोबर तत्काल हटवाकर सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। सूरजकुंड घाट की ओर आने वाले मार्गों एवं सूरजकुंड ओवरब्रिज के नीचे की सड़क पर जगह-जगह गड्ढे पाए जाने पर अधिशासी अभियंता अमरनाथ को आज ही कार्य प्रारंभ कर पैचवर्क कराने हेतु निर्देशित किया गया। मानसरोवर मंदिर स्थित पोखरे की सीढ़ियों एवं परिसर की समुचित सफाई कराने हेतु सफाई निरीक्षक श्रवण सोनकर को निर्देशित किया गया। महेशरा घाट के पहुंच मार्ग के दोनों ओर, समीप स्थित छोटे पोखरे तथा महेशरा पुल के नीचे जमा कूड़े एवं गंदगी को तत्काल हटवाकर सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए गए।



नगर आयुक्त ने सहायक अभियंता (पथ प्रकाश) मोहित गुप्ता को समस्त छठ घाटों एवं पोखरों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा के अनुरूप पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जोनल सेनेटरी अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव को समस्त छठ घाटों एवं पोखरों की निरंतर सफाई सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। विशेष रूप से दिनांक 15 नवंबर को सायंकालीन अर्घ्य के उपरांत रात्रि में सभी घाटों एवं पोखरों की सफाई कराने के निर्देश दिए गए, जिससे 16 नवंबर को प्रात: आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ घाट उपलब्ध हो।

राजघाट मूर्ति विसर्जन स्थल पर पहुंचे एसएसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, १२ नवम्बर। दीपावली त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उपरान्त पुलिस की प्राथमिता शांति और सुरक्षित मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम को सम्पन्न कराना है। जिसके लिए विभिन्न प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर पुलिस की सतर्क दृष्टि के साथ प्रतिमा विसर्जन मार्ग पर भी सुरक्षा के मुकम्बल इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र आज एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने थाना राजघाट क्षेत्र स्थित मूर्ति विसर्जन स्थलों और विसर्जन मार्गो का पैदल गश्त किया। डियूटी पर तैनात जवानों की मुस्तैदी परखी और उन्हें आवश्यक निर्देश दिये। एसएसपी ने विसर्जन स्थलों तक पहुंचने वाले मार्गों का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की आवाजाही, भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विसर्जन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए और श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी बनाए रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने विसर्जन मार्गों और स्थलों पर लगातार निगरानी रखने पर विशेष जोर दिया जिससे कहीं कोई अप्रिय घटना अथवा दो पक्षों के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न ना हो। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी निमिष पाटिल, सीओ कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी, थानाध्यक्ष राजघाट सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

युवक को तालाब में डूबता देख सिपाही ने लगाई छलांग,बचाई जान

गोरखपुर, १२ नवम्बर। पिपराइच थाना क्षेत्र के लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन के दौरान सिपाही की सतर्कता और साहस से बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ग्राम पिपरा वसंत में प्रतिमा विसर्जन के दौरान स्थानीय निवासी आकाश पासवान तालाब के गहरे पानी में डूबने लगा। जिसपर नज़र पड़ते ही प्रतिमा के साथ विसर्जन स्थल पर पहुंचे कांस्टेबिल अजीत कुमार ने बिना देर किए तालाब में छलांग लगा दी और डूब रहे युवक को सुरक्षित पानी से बाहर निकाल लिया। घटना बुधवार देरशाम की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार आकाश पासवान पुत्र अमरजीत पासवान पिपरा वसंत निवासी अपने रिश्तेदार के घर आया था,गांव में लक्ष्मी गणेश की प्रतिमा स्थापित थी,जिसका विसर्जन करने के लिए ग्रामीण बुधवार देरशाम गांव सिथत तालाब पर डीजे की धुन पर गाते बजाते पहुंचे थे। आस्थावानों की उक्त भीड़ में आकाश पासवान भी शामिल था। बताया जा रहा है कि मौके पर तैनात पुलिस कर्मी सभी को गहरे पानी में जाने से मना कररहे थे बावजूद इसके कुछ युवक पानी में आगे तक बढ़ते चले गये।ह्व इसी दौरान आकाश डूबने लगा। युवक को डूबता देख मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों की चीख पुकार के बीच विसर्जन ड्यूटी पर तैनात आरक्षी अजीत कुमार तत्काल तालाब में छलांग लगा दी।



विशेष ट्रेनों में सीट उपलब्धता जारी

गोरखपुर, १२ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों की सुविधा हेतु अनेक विशेष ट्रेनों का संचलन किया जा रहा है। इन विशेष ट्रेनों में 30 नवम्बर तक के लिये 12 नवम्बर को सायं बर्थ की उपलब्धता है। गोरखपुर से चलने वाली 05101 गोरखपुर-शकूर बस्ती (दिल्ली) त्यौहार विशेष गाड़ी में 22 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 1 तथा 29 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 15, द्वितीय श्रेणी में 44 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 331 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 04830 गोरखपुर-जोधपुर त्यौहार विशेष गाड़ी में 27 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथमेच श्रेणी में 4 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 03132 गोरखपुर-सियालदह त्यौहार विशेष गाड़ी में 13 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 63 एवं शयनयान श्रेणी में 148 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 05977 गोरखपुर-डिब्रुगढ़ त्यौहार विशेष गाड़ी में 26 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 79 एवं शयनयान श्रेणी में 74 बर्थ उपलब्ध है। बनारस से चलने वाली 05048 बनारस-कोलकाता त्यौहार विशेष गाड़ी में 24 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 817 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 03528 गोरखपुर-आसनसोल त्यौहार विशेष गाड़ी में 14 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 76, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 350 एवं शयनयान श्रेणी में 390 बर्थ; 21 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 70, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 303 एवं शयनयान श्रेणी में 131 बर्थ तथा 28 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 77, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 342 एवं शयनयान श्रेणी में 366 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 05634 गोरखपुर-नारंगी (गुवाहाटी) त्यौहार विशेष गाड़ी में 15 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 251 बर्थ तथा 29 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 163 बर्थ उपलब्ध है। यात्रीगण इन विशेष ट्रेनों में बर्थ आरक्षित कराकर अपनी यात्रा को सुखद एवं आरामदेह बनावें।

04111 का ग्वालियर से 12 और 04112 का बरौनी से 13 नवम्बर को होगा संचलन

गोरखपुर, १२ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली के उपरान्त छठ महापर्व पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 04111/04112 ग्वालियर-बरौनी-ग्वालियर त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन ग्वालियर से 12 नवम्बर (बृहस्पतिवार) को तथा बरौनी से 13 नवम्बर (शुक्रवार) को किया जायेगा। 04111 ग्वालियर-बरौनी त्यौहार विशेष गाड़ी 12 नवम्बर (बृहस्पतिवार) को ग्वालियर से 14.15 बजे प्रस्थान कर शनीचरा से 14.34 बजे, मालनपुर से 14.46 बजे, गोहद रोड से 15.03 बजे, सोनी से 15.19 बजे, भिण्ड से 15.55 बजे, इटावा से 16.47 बजे, गोविन्दपुरी से 19.45 बजे, फतेहपुर से 21.17 बजे, दूसरे दिन प्रयागराज जं. से 1.05 बजे, ज्ञानपुर रोड से 2.50 बजे, वाराणसी जं. से 3.30 बजे, औंड़िहार से 4.30 बजे, गाजीपुर सिटी से 5.45 बजे, बलिया से 6.40 बजे, रेवती से 7.12 बजे, सुरेमनपुर से 7.30 बजे, छपरा से 8.10 बजे, सोनपुर से 9.30 बजे, हाजीपुर से 9.45 बजे तथा शाहपुर पटोरी से 10.52 बजे छूटकर बरौनी 12.15 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 04112 बरौनी-ग्वालियर त्यौहार विशेष गाड़ी 13 नवम्बर (शुक्रवार) को बरौनी से 13.45 बजे प्रस्थान कर शाहपुर पटोरी से 14.42 बजे, हाजीपुर से 15.35 बजे, सोनपुर से 15.47 बजे, छपरा से 18.45 बजे, सुरेमनपुर से 19.17 बजे, रेवती से 19.34 बजे, बलिया से 20.20 बजे, गाजीपुर सिटी से 21.35 बजे, औंड़िहार से 22.42 बजे, वाराणसी जं. से 23.50 बजे, दूसरे दिन ज्ञानपुर रोड से 27 बजे, प्रयागराज जं. से 1.45 बजे, फतेहपुर से 3.20 बजे, गोविन्दपुरी से 5.15 बजे, इटावा से 9.27 बजे, भिण्ड से 10.10 बजे, सोनी से 10.30 बजे, गोहद रोड से 10.46 बजे, मालनपुर से 11.03 बजे तथा शनीचरा से 11.15 बजे छूटकर ग्वालियर 12.20 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में एस.एल.आर.,डी. के 2, शयनयान श्रेणी के 7 तथा सामान्य द्वितीय श्रेणी के 11 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

05113 और 05114 का संचलन क्रमश 17 और 18 को नयी दिल्ली से होगा

गोरखपुर, १२ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली के उपरान्त छठ महापर्व पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 05113/05114 गोरखपुर-दिल्ली-गोरखपुर आरक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन गोरखपुर से 17 नवम्बर (मंगलवार) को तथा दिल्ली से 18 नवम्बर (बुधवार) को किया जायेगा। 05113 गोरखपुर-दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी 17 नवम्बर (मंगलवार) को गोरखपुर से 14.30 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद से 15.10 बजे, बस्ती से 15.50 बजे, गोंडा से 17.15 बजे, सीतापुर से 19.45 बजे, शाहजहाँपुर से 21.55 बजे, दूसरे दिन बरेली से 40 बजे, मुरादाबाद से 2.15 बजे तथा गाज़ियाबाद से 4.24 बजे छूटकर दिल्ली 5.20 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05114 दिल्ली-गोरखपुर आरक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी 18 नवम्बर (बुधवार) को दिल्ली से 8.10 बजे प्रस्थान कर गाज़ियाबाद से 9.08 बजे, मुरादाबाद से 11.25 बजे, बरेली से 12.55 बजे, शाहजहाँपुर से 14.27 बजे, सीतापुर से 16.55 बजे, गोंडा से 20.20 बजे, बस्ती से 21.42 बजे तथा खलीलाबाद से 22.22 बजे छूटकर गोरखपुर 23 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में एल.एस.एल.आर.डी. का 2, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 11, शयनयान श्रेणी के 8 कोचों सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे।

कठिन परिश्रम और दृढ निश्चय संकल्प से ही छात्रों को मिलेगी मंजिल

गोरखपुर, १२ नवम्बर। पूर्वोत्तर रेलवे के सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल, गोरखपुर में विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन और उनके सोच में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से 12 नवम्बर को मोटिवेशनल स्पीच का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एम्स, नई दिल्ली के बाल रोग के प्रोफ़ेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज हरि थे। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पंकज हरि ने अपने विद्यालयी अनुभव से विद्यालय के छात्रो का मार्ग दर्शन किया, उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम एवं दृढ निश्चय संकल्प से विद्यार्थी अपने मंजिल को प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर हरि ने विद्यार्थियों से प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम का संचालन शम्भू नाथ शुक्ला ने किया। इस अवसर पर पुरातन छात्र, विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित थे।



यातायात प्रबंधन के लिए विशेष इतंजाम

गोरखपुर, १२ नवम्बर। स्टेशन परिसर एवं ट्रेनों में बढ़ी हुई यात्री संख्या को देखते हुए यात्रियों के सुरक्षित आवागमन तथा यातायात प्रबंधन के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। रेल प्रशासन की यात्रियों एवं आमजन से अपील है कि वे अपने वाहनों को केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें तथा स्टेशन परिसर में अनावश्यक रूप से कहीं भी वाहन खड़ा न करें, जिससे आवागमन सुचारु रूप से चलता रहे। रेल कर्मी यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा उनकी यात्रा को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं सुखद बनाने के लिए निरंतर कार्यरत हैं। सभी यात्रियों एवं आमजन से अनुरोध है कि अपने सहयात्रियों एवं आमजन की सुविधा का ध्यान रखें।

इकहरी यात्रा के लिए के 12 नवम्बर को होगा त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन

गोरखपुर, १२ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली के उपरान्त छठ महापर्व पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 04080 नई दिल्ली-दरभंगा आरक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन इकहरी यात्रा हेतु 12 नवम्बर (बृहस्पतिवार) को किया जा रहा है। 04080 नई दिल्ली-दरभंगा आरक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी 12 नवम्बर (बृहस्पतिवार) को नई दिल्ली से 22.30 बजे प्रस्थान कर गाज़ियाबाद से 23.05 बजे, दूसरे दिन अलीगढ़ से 1.22 बजे, कानपुर सेंट्रल से 6.30 बजे, प्रयागराज जं. से 11.40 बजे, ज्ञानपुर रोड से 12.34 बजे, वाराणसी जं. से 14.20 बजे, औंड़िहार से 15.17 बजे, गाजीपुर सिटी से 16.05 बजे, बलिया से 17.02 बजे, सुरेमनपुर से 17.39 बजे, छपरा से 19.05 बजे, सोनपुर से 20.30 बजे, हाजीपुर से 20.45 बजे, मुजफ्फरपुर से 21.50 बजे, समस्तीपुर से 23.40 बजे तथा तीसरे दिन लहेरियासराय से 35 बजे छूटकर दरभंगा 1 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 10, शयनयान श्रेणी के 5, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 4, एल. एस.एल .आर.डी. का 1 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 1 कोच सहित कुल 21 कोच लगाये गये हैं।

05022 का लखनऊ जं. का 12 और 05021 का संचलन बरौनी से आज होगा

गोरखपुर, १२ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली के उपरान्त छठ महापर्व पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 05022/05021 लखनऊ जं.-बरौनी-लखनऊ जं. वाया गोरखपुर अनारक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन लखनऊ जं. से 12 नवम्बर (बृहस्पतिवार) को तथा बरौनी से 13 नवम्बर (शुक्रवार) को किया जायेगा। 05022 लखनऊ जं.-बरौनी अनारक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी 12 नवम्बर (बृहस्पतिवार) को लखनऊ जं. से 17.45 बजे प्रस्थान कर बादशाह नगर से 18.12 बजे, बाराबंकी से 19.02 बजे, बुढ़वल से 19.33 बजे, करनैलगंज से 20.16 बजे, गोंडा से 20.55 बजे, मनकापुर से 21.34 बजे, बस्ती से 22.47 बजे, खलीलाबाद से 23.32 बजे, दूसरे दिन गोरखपुर से 35 बजे, कप्तानगंज से 1.45 बजे, रामकोला से 2.12 बजे, पडरौना से 2.32 बजे, तमकुही रोड से 3.07 बजे, थावे से 4.25 बजे, गोपालगंज से 4.35 बजे, रतन सराय से 4.55 बजे, दिघवा दुबौली से 5.24 बजे, मशरख से 5.58 बजे, मढ़ौरा से 6.24 बजे, खैरा से 6.48 बजे, दिघवारा से 8.02 बजे, सोनपुर से 8.40 बजे, हाजीपुर से 8.55 बजे, मुजफ्फरपुर से 9.50 बजे, समस्तीपुर से 10.55 बजे तथा दलसिंह सराय से 11.22 बजे छूटकर बरौनी 12.50 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05021 बरौनी-लखनऊ जं. अनारक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी 13 नवम्बर (शुक्रवार) को बरौनी से 15 बजे प्रस्थान कर दलसिंह सराय से 15.37 बजे, समस्तीपुर से 16 बजे, मुजफ्फरपुर से 17.10 बजे, हाजीपुर से 18.10 बजे, सोनपुर से 18.25 बजे, दिघवारा से 18.47 बजे, खैरा से 19.59 बजे, मढ़ौरा से 20.28 बजे, मशरख से 20.54 बजे, दिघवा दुबौली से 21.22 बजे, रतन सराय से 21.54 बजे, गोपालगंज से 22.10 बजे, थावे से 22.55 बजे, तमकुही रोड से 23.32 बजे, दूसरे दिन पडरौना से 8 बजे, रामकोला से 28 बजे, कप्तानगंज से 1.05 बजे, गोरखपुर से 2.20 बजे, खलीलाबाद से 3 बजे, बस्ती से 3.37 बजे, मनकापुर से 4.30 बजे, गोंडा से 5.20 बजे, करनैलगंज से 5.57 बजे, बुढ़वल से 6.39 बजे, बाराबंकी से 7.24 बजे तथा बादशाह नगर से 8.14 बजे छूटकर लखनऊ जं. 8.55 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय, कुर्सीयान श्रेणी के 12 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 2 कोचों सहित कुल 14 कोच लगाये जायेंगे।

छठ गीतों की गूंज के साथ भारत की पहली 'अमृत भारत 3.0' ट्रेन नई दिल्ली से पटना के लिए रवाना

नई दिल्ली। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेलवे ने एक ऐतिहासिक पहल की है। भारत की पहली अत्याधुनिक 'अमृत भारत 3.0' (Amrit Bharat 3.0) ट्रेन को 11 नवंबर की मध्य रात्रि छठ पूजा स्पेशल ट्रेन के रूप में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से पटना के लिए रवाना किया गया। ट्रेन के प्रस्थान के समय नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का पूरा परिसर छठ के पारंपरिक लोकगीतों से गूंज उठा, जिससे यात्रियों में भारी उत्साह और भक्तिमय माहौल देखने को मिला। इस विशेष अवसर पर स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने भारतीय रेलवे की इस पहल का जोरदार स्वागत किया।

प्रमुख विशेषताएं- आधुनिक सुविधाएं- अमृत भारत 3.0 ट्रेन को आम और मध्यम वर्ग के यात्रियों को ध्यान में रखकर पूरी तरह आधुनिक तकनीक से डिजाइन किया गया है। इसमें आरामदायक सीटें, बेहतर सस्पेंशन, आधुनिक शौचालय और मोबाइल चार्जिंग पॉइंट्स जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

सुरक्षा और गति: पुश-पुल तकनीक से लैस यह ट्रेन तेज रफ्तार के साथ-साथ झटकारहित और सुरक्षित यात्रा का अनुभव प्रदान करती है।

त्योहारी भीड़ से राहत: छठ पर्व के दौरान दिल्ली और बिहार के बीच होने वाली अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यह विशेष ट्रेन यात्रियों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगी।भारतीय रेलवे त्योहारों के इस पावन अवसर पर सभी यात्रियों को सुखद, सुरक्षित और मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देता है।

04101 का ग्वालियर से 13 और 04102 का बरौनी से 14 नवम्बर को होगा संचलन

गोरखपुर, १२ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली के उपरान्त छठ महापर्व पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 04101/04102 ग्वालियर-बरौनी-ग्वालियर त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन ग्वालियर से 13 नवम्बर (शुक्रवार) को तथा बरौनी से 14 नवम्बर (शनिवार) को किया जायेगा। 04101 ग्वालियर-बरौनी त्यौहार विशेष गाड़ी 13 नवम्बर (शुक्रवार) को ग्वालियर से 14.15 बजे प्रस्थान कर शनीचरा से 14.34 बजे, मालनपुर से 14.46 बजे, गोहद रोड से 15.03 बजे, सोनी से 15.19 बजे, भिण्ड से 15.55 बजे, इटावा से 16.47 बजे, गोविन्दपुरी से 19.45 बजे, फतेहपुर से 21.17 बजे, दूसरे दिन प्रयागराज जं. से 1.05 बजे, ज्ञानपुर रोड से 2.50 बजे, वाराणसी जं. से 3.30 बजे, औंड़िहार से 4.30 बजे, गाजीपुर सिटी से 5.45 बजे, बलिया से 6.40 बजे, रेवती से 7.12 बजे, सुरेमनपुर से 7.30 बजे, छपरा से 8.10 बजे, सोनपुर से 9.30 बजे, हाजीपुर से 9.45 बजे तथा शाहपुर पटोरी से 10.52 बजे छूटकर बरौनी 12.15 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 04102 बरौनी-ग्वालियर त्यौहार विशेष गाड़ी 14 नवम्बर (शनिवार) को बरौनी से 13.45 बजे प्रस्थान कर शाहपुर पटोरी से 14.42 बजे, हाजीपुर से 15.35 बजे, सोनपुर से 15.47 बजे, छपरा से 18.45 बजे, सुरेमनपुर से 19.17 बजे, रेवती से 19.34 बजे, बलिया से 20.20 बजे, गाजीपुर सिटी से 21.35 बजे, औंड़िहार से 22.42 बजे, वाराणसी जं. से 23.50 बजे, दूसरे दिन ज्ञानपुर रोड से 27 बजे, प्रयागराज जं. से 1.45 बजे, फतेहपुर से 3.20 बजे, गोविन्दपुरी से 5.15 बजे, इटावा से 9.27 बजे, भिण्ड से 10.10 बजे, सोनी से 10.30 बजे, गोहद रोड से 10.46 बजे, मालनपुर से 11.03 बजे तथा शनीचरा से 11.15 बजे छूटकर ग्वालियर 12.20 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में एस.एल.आर., डी. के 2, शयनयान श्रेणी के 8, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 6 तथा सामान्य द्वितीय कुर्सीयान श्रेणी के 4 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

आशापुरा गोमट स्टेशन पर अस्थायी ठहराव

गोरखपुर, १२ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर-जैसलमेर रेल खंड के आशापुरा गोमट-पोकरण स्टेशनों के मध्य स्थित समपार संख्या-89 'ए' पर रोड अंडर ब्रिज (आर.यू.बी.) के लॉन्चिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में यातायात-सह-पावर ब्लॉक दिये जाने के कारण काठगोदाम से 19 नवम्बर को चलने वाली 15014/25014 काठगोदाम-जैसलमेर एक्सप्रेस का ब्लॉक अवधि में आशापुरा गोमट स्टेशन पर अस्थाई ठहराव दिया गया है। ब्लॉक अवधि के दौरान यह गाड़ी पोकरण स्टेशन पर नहीं रूकेगी।

स्कोपस इंडेक्स्ड अंतरराष्ट्रीय Q1 शोध पत्रिका में प्रो. आमोद कुमार राय एवं शोधार्थी ज़ेहरा शमशीर का शोध पत्र प्रकाशित

गोरखपुर। दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के लिए यह अत्यंत गौरव और उपलब्धि का विषय है कि विभाग के प्रोफेसर आमोद कुमार राय एवं शोधार्थी ज़ेहरा शमशीर का संयुक्त शोध पत्र इंग्लैंड से प्रकाशित प्रतिष्ठित बहुविषयक अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका एक्टा के नवीनतम अंक नवंबर 2026 में प्रकाशित हुआ है।चार्टिंग न्यू ट्रेजेक्टरीज-कम्पेरेटिव इनवेस्टिगेशन इंटू न्याय स्कूल एंड रीडर रिस्पांस थ्योरी शीर्षक से प्रकाशित यह शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध एवं अकादमिक विमर्श के क्षेत्र में विभाग की बढ़ती पहचान को रेखांकित करता है। उल्लेखनीय है कि यह शोध पत्रिका स्कोपस (Scopus) में सूचीबद्ध क्त श्रेणी की शोध पत्रिका है। इसके अतिरिक्त यह शोध पत्रिका SCImago में भी सूचीबद्ध है। अंग्रेजी विभाग के लिए यह विशेष उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि स्कोपस इंडेक्स्ड क्त श्रेणी की अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका में प्रकाशित होने वाला यह विभाग का पहला शोध पत्र है। यह उपलब्धि न केवल अंग्रेजी विभाग, बल्कि विश्वविद्यालय के कला संकाय के लिए भी एक महत्वपूर्ण अकादमिक उपलब्धि मानी जा रही है।इस शोध पत्र में साहित्यिक पाठ से अर्थ ग्रहण करने और अर्थ के निर्माण की जटिल प्रक्रिया का गहन एवं तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। शोधकर्ताओं ने पश्चिमी साहित्यिक आलोचना परंपरा में विकसित रीडर रिस्पांस थ्योरी तथा भारतीय ज्ञान परंपरा में महर्षि गौतम द्वारा प्रतिपादित न्याय दर्शन के बीच वैचारिक साम्य एवं अंतर्संबंधों की पड़ताल की है। शोध का मूल उद्देश्य यह समझना है कि किसी साहित्यिक पाठ का अर्थ केवल लेखक द्वारा निर्धारित नहीं होता, बल्कि पाठक की सक्रिय सहभागिता, उसकी ज्ञान-प्रक्रिया तथा प्रमाणों के आधार पर भी अर्थ का निर्माण होता है। शोध पत्र में न्याय दर्शन के चार प्रमुख प्रमाणों—प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द—का विश्लेषण करते हुए यह स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है कि इन प्रमाणों के माध्यम से पाठक किसी पाठ के अर्थ तक किस प्रकार पहुंच सकता है। दूसरी ओर, रीडर रिस्पांस सिद्धांत के विभिन्न प्रतिपादनों के आलोक में पाठक की भूमिका, उसकी अनुभूति, पूर्वज्ञान और व्याख्यात्मक सक्रियता का परीक्षण किया गया है। इस प्रकार शोध पत्र भारतीय दार्शनिक परंपरा और पश्चिमी साहित्यिक सिद्धांत के बीच एक सार्थक अकादमिक संवाद स्थापित करता है। शोधकर्ताओं का मानना है कि भारतीय साहित्यिक आलोचना के लिए केवल पश्चिमी सिद्धांतों पर निर्भर रहने के स्थान पर भारतीय ज्ञान परंपरा के वैचारिक संसाधनों का उपयोग करते हुए अधिक संतुलित, समावेशी और प्रासंगिक आलोचनात्मक ढांचा विकसित किया जा सकता है। इस दृष्टि से यह अध्ययन भारतीय दर्शन और आधुनिक साहित्यिक आलोचना के बीच नए विमर्श और अनुसंधान की संभावनाओं के द्वार खोलता है। भारतीय साहित्यिक आलोचना को अपनी सांस्कृतिक एवं बौद्धिक परंपरा से जोड़ने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उल्लेखनीय है कि भारतीय साहित्यिक आलोचना में इस प्रकार के वैचारिक समन्वय के प्रयास पूर्व में भी हुए हैं। विशेष रूप से प्रो. भालचंद्र नेमाडे और प्रो. के. कृष्ण रायन जैसे विद्वानों ने भारतीय चिंतन परंपरा तथा साहित्यिक आलोचना के अंतर्संबंधों को रेखांकित करते हुए इस दिशा में महत्वपूर्ण बौद्धिक योगदान दिया है। प्रस्तुत शोध इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए न्याय दर्शन और समकालीन पाश्चात्य आलोचना सिद्धांतों के बीच संवाद की एक नई संभावना प्रस्तुत करता है।इस अकादमिक उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में प्रसन्नता का वातावरण है। विभाग की प्रो. सुनीता मुर्मू, प्रो. अजय शुक्ला, प्रो. अवनीश राय, प्रो. शिखा सिंह, प्रो. अजय चौबे, प्रो. गौरहरि बेहरा, डॉ. पंकज सिंह, डॉ. संजीव डॉ बृजेश कुमार सहित विभाग के अन्य शिक्षकों एवं शोधार्थियों ने प्रो. आमोद कुमार राय और ज़ेहरा शमशीर को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस शोध प्रकाशन के अवसर पर प्रो आमोद कुमार राय ने कुलपति प्रो के पी सिंह जी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की है।यह प्रकाशन विश्वविद्यालय में उच्चस्तरीय शोध संस्कृति को प्रोत्साहित करने, भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक अकादमिक विमर्श से जोड़ने तथा अंतरराष्ट्रीय शोध जगत में विश्वविद्यालय की उपस्थिति को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



❖ अंग्रेजी विभाग की उल्लेखनीय उपलब्धि, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में स्कोपस इंडेक्स्ड क्त शोध पत्रिका में प्रकाशित हुआ विभाग का पहला शोध पत्र

छठ महापर्व के मद्देनजर गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर व्यापक प्रबंध

गोरखपुर, १२ नवम्बर। छठ महापर्व के अवसर पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए गोरखपुर जंक्शन स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षित, सुगम एवं आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। भीड़ प्रबंधन एवं यात्री सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु स्टेशन पर विशेष व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन परिसर में 5 अस्थायी यात्री होल्डिंग एरिया स्थापित किए गए हैं। जिसमें प्लेटफार्म 1 एवं 2 की ओर 4 होल्डिंग एरिया एवं प्लेटफार्म 9 की ओर 1 होल्डिंग एरिया बनाया गया है। सभी होल्डिंग एरिया में सहायता डेस्क, मोबाइल यू.टी.एस. से अनारक्षित टिकट प्राप्त करने की व्यवस्था, सभी ट्रेनों की अद्यतन समय सारिणी, बड़ी एल.ई.डी. स्क्रीन पर ट्रेनों की जानकारी, अनाउंसमेंट की व्यवस्था, चिकित्सा बूथ, पेयजल की सुविधा, प्रसाधन की सुविधा, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, पर्याप्त मात्रा में मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, कूलर आदि की व्यवस्था की गयी है। साथ ही यात्रियों की सुरक्षा हेतु रेलवे सुरक्षा बल के जवानों की तैनाती भी की गयी है। लगातार सी.सी.टी.वी. कैमरों की मदद से प्लेटफार्म, होल्डिंग एरिया एवं स्टेशन परिसर की निगरानी की जा रही है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित कुमार ने होल्डिंग एरिया में उपस्थित यात्रियों से होल्डिंग एरिया में प्रदत्त सुविधाओं के बारे में फीडबैक भी लिया एवं खासकर महिलाओं एवं युवा यात्रियों ने रेलवे की व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रेलवे प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। यात्रियों ने स्टेशन पर बज रहे छठ गीतों की भी सराहना की। इसके उपरांत मीडिया से वार्ता करते हुए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने रेलवे प्रशासन द्वारा की गयी व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा संचालित विशेष ट्रेनों तथा बनारस, सीवान, छपरा, देवरिया सदर एवं बलिया स्टेशनों पर बनाए गये होल्डिंग एरिया एवं यात्री सुविधाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने प्लेटफार्म प्रबंधन तथा पार्किंग आदि सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान स्टेशन निदेशक श्री रतनदीप गुप्ता एवं प्रभारी, रेलवे सुरक्षा बल चौकी, गोरखपुर स्टेशन श्री गिरजेश कुमार विश्वकर्मा उपस्थित थे।

दो मिनट का अस्थायी ठहराव

गोरखपुर, १२ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा हेतु 15561/15562 दरभंगा-गोमती नगर-दरभंगा वाया गोरखपुर अमृत भारत एक्सप्रेस का पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के अंतर्गत रीगा स्टेशन पर 2 मिनट का अस्थाई ठहराव प्रदान किया गया है। फलस्वरूप दरभंगा से 14 नवम्बर से चलने वाली 15561 दरभंगा-गोमती नगर अमृत भारत एक्सप्रेस रीगा स्टेशन पर 16.21 बजे पहुँचकर 16.23 बजे प्रस्थान करेगी तथा गोमती नगर से 15 नवम्बर से चलने वाली 15562 गोमती नगर-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस रीगा स्टेशन पर 21.48 बजे पहुँचकर 21.50 बजे प्रस्थान करेगी।